an>

Title: Need to investigate into alleged Rs. 12000 crore food grain procurement scam in Punjab.

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना) : मैडम, आज मेरा क्वेश्चन भी था, लेकिन वह भी मिस हो गया। मैं आपका आभारी हूं कि आपने मौका दिया। आज पंजाब के किसान बहुत ही मुश्किल स्थिति में हैं। देश के किसान भी हैं, लेकिन पंजाब की खास तौर पर है, उसके पीछे कारण यह है कि सी.सी.एल. लिमिट, जो कैश क्रेडिट लिमिट मिलती है, वह लगातार पिछले बहुत दिनों से मिली नहीं, मंडियां अनाज से भरी पड़ी हैं, उसके पीछे कारण है कि जो पैसा, तकरीबन 30 बैंक हैं, एस.बी.आई. सबसे बड़ा बैंक है, जो पैसा देते हैं, तो उन्होंने जब फिज़ीकल सर्वे किया, पिछले नौ साल से गोदाम में जो फसल पड़ी है, उसका फिज़ीकल वैरीफिकेशन किया तो वहां पर 20 हजार करोड़ रुपये का मिसमैच है, वहां पर अनाज है ही नहीं। उन्होंने अब पैसा रोक दिया। जो कैग की रिपोर्ट आई, आप पंजाब सरकार के हालात देखिए, जो रिपोर्ट आई, जो उन्होंने 3,319 ट्रक लगवाए गोदामों में फसल लेकर जाने के लिए, कैग की जो रिपोर्ट है, उनमें से सिर्फ 87 ट्रक फिजिकली सही पाए गए। उनमें 15 टू व्हीलर थे। इतना बड़ा स्कैंडल हुआ है। आज मंडियां भरी पड़ी हैं। कहां चली गई वह फसल? चूहे तो खा नहीं गए, ऐसा लगता है खाया तो सरकार ने ही है। 20 हजार करोड़ का अनाज क्या पाकिस्तान चला गया, अफगानिस्तान चला गया। इसके बारे में माननीय मंत्री पासवान जी जरूर यहां जवाब दें। अगर जवाब नहीं दे सकते तो इसकी सीबीआई इंक्वायरी हो। आज मंडियों में पंजाब के किसानों को कौन बचाएगा? आप इस ओर जरूर ध्यान दें। पंजाब के तीन या चार किसान रोज आत्महत्या कर रहे हैं। मैडम, मैं इसके लिए आपकी मदद चाहता हूं। जो बीस हजार करोड़ का अनाज वहां से गायब हो चुका है और जो सीसीएल लिमिट है, वह उनको अनाज खरीदने के लिए मिल सके, उसमें भी मदद कीजिए, नहीं तो पंजाब बर्बाद हो जाएगा।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भगवंत मान को श्री रवनीत सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।